**Regarding Bargarh-Nuapada new railway line project**

श्री प्रदीप पुरोहित **(**बारगढ़**) :** सभापति महोदया, मैं जिस लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लोगों का यहां प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, वह देश का और ओडिशा का एक सबसे पिछड़ा क्षेत्र बारगढ़, पदमपुर लोक सभा क्षेत्र है ।

महोदया, मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को और देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को धन्यवाद देना चाहता हूं । कई सालों से वहां कई सरकारें आईं और कई सरकारें गयीं, पर वहां के लोगों की बरगढ़-नुआपाड़ा रेल परियोजना की जो मांग थी, वह पूरी नहीं हो पा रही थी । मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी एवं अश्विनी वैष्णव जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्र में 2,926 करोड़ रुपये की लागत से 138 किलोमीटर की बरगढ़-नुआपाड़ा रेल लाइन को सैंक्शन किया है ।

महोदया, यह परियोजना पश्चिमी ओडिशा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी । इसके साथ ही यह परियोजना वहां रोज़गार-सृजन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी । इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ किया जाए । इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण कार्य में कोई भी विलम्ब न हो और इसे समय-सीमा में अच्छे तरीके से पूरा किया जाए, ताकि उस क्षेत्र के लोग शीघ्र ही इस परियोजना का लाभ उठा सकें।